हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

2 जून 2025, समय 1810

--------------------------------------------------

मुख्य समाचार

1-केंद्र सरकार ने, देश में इलेक्ट्रिक यात्री कार के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कम आयात कर की पेशकश की।

2- आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृढ़ रवैये का संदेश देने के लिए सांसदों के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर

3- शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत आज प्रौद्योगिकी शक्ति है।

4- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए ।

5- हरियाणा में अवैध गर्भपात और लिंग निर्धारण में लगे करीब 500 केंद्र बंद करवाए गए ।

6- हिसार जिला के फरीदपुर गांव के निवासी संदीप आर्य ने बीस हजार बार सूर्य नमस्कार करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।

--------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने, देश में इलेक्ट्रिक यात्री कार के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एक योजना के दिशा निर्देश की अधिसूचना जारी की है। भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत, कम आयात-कर की पेशकश कर रहा है।

---

आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृ रवैये का संदेश देने के लिए सांसदों के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके किसी भी रूप को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के संकल्प को दुनिया तक पहुँचा रहे हैं।

एनसीपी-एससीपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिस्र पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल ने कल अपनी इथियोपिया की यात्रा को संपन्न किया।

इससे पहले शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की।

श्री शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत आज प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

*भारत बहुत कैपेबल है। आज हम चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। आने वाले समय में तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। टेरेरिज्म के खिलाफ भी भारत ने इतने सालों तक लडाई लडी लेकिन ये लडाई भारत और पाकिस्तान के बीच में है, या भारत और टेरेरिज्म के बीच में है। ये लडाई अभी पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैल रही है, तो पूरे विश्व को जागरूक करना जरूरी है, पूरे विश्व को संस्टाईज करना जरूरी है। इसलिए नरेन्द्र मोदी जी ने हमे यहां भेजा, इतनी दूर भेजा।*

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*1918 में राजस्थान में जन्मे कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह 1936 में 6 राजपूताना राइफल्स में भर्ती हुए। जुलाई 1948 में जम्मू-कश्मीर के तिथवाल सेक्टर में एक*

*सैन्य अभियान के दौरान उनकी कंपनी को दुश्मन द्वारा मजबूत तरीके से सुरक्षित एक पहाड़ी चोटी पर नियंत्रण करने का जिम्मा सौंपा गया। कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह संकरे रास्ते से आगे बढ़ रहे थे तभी उनकी टुकड़ी को दुश्मन की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा जिससे उनकी टुकड़ी को बड़ा नुकसान पहुंचा। जब उनके अधिकांश साथी या तो शहीद हो चुके थे या घायल हो गए थे तब कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह अकेले ही दुश्मनों के खिलाफ डटे रहे। ग्रेनेड के छर्रे लगने से घायल होने के बावजूद उन्होंने अपनी स्टेन गन से दुश्मन की मीडियम मशीन गन टीम को तबाह कर उस मोर्चे पर कब्जा किया। खून से लथपथ हो जाने के बावजूद भी उन्होंने दुश्मन पर लगातार हमला जारी रखा। जब उनकी गोलियां खत्म हो गई तो उन्होंने ग्रेनेड फेंके और एक खाई से दूसरी खाई में जाकर दुश्मन सैनिकों को संगीन से मार गिराया। लगातार दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दे रहे कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह जब दुश्मन की एक अन्य चौकी पर हमला कर रहे थे तभी उनके सिर में गोली लग गई लेकिन अंतिम क्षणों में भी उन्होंने एक ग्रेनेड दुश्मन की खाई में फेंक दिया। कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का यह अद्वितीय साहस और अटूट संकल्प वीरता की एक मिसाल बना और उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

---------------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित कर दिए। छात्र-छात्राएं वेबसाइट- result25.jeeadv.ac.in पर अपने परिणाम देख सकते हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले रजित गुप्ता ने आईआईटी में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे तैयारी के दौरान जरूरत पढ़ने पर अपने शिक्षकों की सलाह लें और पूरी लगन के साथ तैयारी करें।

---

हरियाणा में लिंगानुपात के सुधार के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने गर्भपात और लिंग निर्धारण में लगे करीब 500 केंद्र बंद करवा दिए हैं।

इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि हरियाणा के जितने भी गर्भपात केंद्र है उन पर नजर रखी जा रही है। दो लड़कियों के जन्मके बाद होने वाले गर्भपात के मामलों की विशेष जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 2000 में से 500 केंद्रों को बंद कर दिया गया है।और अब तक विभाग द्वारा 55 बार छापेमारी की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मास राज्य टास्क फोर्स द्वारा हर खंड हर गांव में निरीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अल्ट्रासाउंड व आईवीएफ सेंटर पर विशेष नज़र रखी जा रही है।

---

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पर कई नये कीर्तिमान स्थापित किये जाएंगे। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और योग गुरु स्वामी रामदेव अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने आज कुरुक्षेत्र में कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को योग महोत्सव बनाते हुए आयोजन में जन मानस को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटकर एक लाख योग साधक एकसाथ योग करके एक रिकॉर्ड कायम करेंगे।

---

हिसार जिला के फरीदपुर गांव के निवासी संदीप आर्य ने गुजरात के मो□रा में लगातार बीस हजार बार सूर्य नमस्कार करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उनका नाम अमेरिका बुक और लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है।

संदीप ने बताया कि उन्होंने लगातार 20000 सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड बनाने में दो लाख चालीस हजार कसरत की हैं। वह पिछले पंद्रह सालों से सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर रहे हैं।वे अभी तक छह विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।उन्हें प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी सम्मानित कर चुके हैं।उन्होंने बताया कि पहला विश्व रिकॉर्ड लगातार 5000 सूर्य नमस्कार करने का था।